Sagittarius.inc®
COMMUNICATION ARCHITECTS
#roaring20

Pushpak 1st Floor 18/1 Deodar Street, Kolkata - 700019, West Bengal, India
Tel +91 33 2454 0101 / 2454 5556 Telefax +91 33 2476 1445 M 98300 17953 E communications@sagittariusinc.in / shiladit73@gmail.com
W www.sagittariusinc.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | Prabhat Khabar | | **Edition:** Kolkata |
| **Client** | Abha Surgy Centre | **Page No:** 05 | **Date:** 26.11.2024 |

# आभा सर्जरी सेंटर ने मनाया 30वां स्थापना दिवस

**कोलकाता.** पूर्वी भारत के एक प्रमुख आइवीएफ और स्त्री रोग केंद्र आभा सर्जरी सेंटर ने अपनी 30वीं वर्षगांठ मनायी. इस अवसर पर इंडिया पोस्ट ने माईस्टाम्प के साथ एक विशेष कवर जारी किया है, जिसे रिलीज किये जाने बाद मातृत्व और आइवीएफ पर एक इमर्सिव टॉक शो आयोजित किया गया. विमोचन समारोह में कोलकाता क्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल अशोक कुमार, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ बासुदेव मुखर्जी, आभा सर्जरी सेंटर की संस्थापक व मुख्य सलाहकार डॉ बानी कुमार मित्रा, सेंटर की निदेशक और मुख्य भ्रूणविज्ञानी डॉ कोंकण दास मित्रा मौजूद थे. डॉ बानी ने कहा कि हमारी 30 साल की यात्रा के उपलक्ष्य में भारतीय डाक द्वारा माईस्टाम्प के साथ इस विशेष कवर का शुभारंभ आभा सर्जरी सेंटर में हम सभी के लिए और हमारे सभी रोगियों और शुभचिंतकों के लिए महत्वपूर्ण रहेगा. भारत और आसपास के देशों में बांझपन को लेकर सामाजिक दृष्टिकोण आज भी बहुत बड़ा है. आभा सर्जरी सेंटर में हम आईवीएफ और एआरटी के माध्यम से कई निःसंतान दंपतियों के सामाजिक और भावनात्मक तनाव को कम करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं.